संपादकीय

# बेहतर आकलन का सिस्टम बने

भारत सरकार के इस निर्णय को गलत नहीं कहा जा सकता। अधिक से अधिक यह कहा जा सकता है कि अगर सरकार के आकलन और नियोजन का तरीका बेहतर होता, तो दुनिया को ये फैसला औचक महसूस नहीं होता।

भारत ने चावल के निर्यात पर प्रतिबंध इसलिए लगाया, क्योंकि देश के अंदर इसका अभाव होने की आशंका पैदा हुई। इसलिए भारत सरकार के इस निर्णय को गलत नहीं कहा जा सकता। अधिक से अधिक यह कहा जा सकता है कि अगर सरकार के आकलन और नियोजन का तरीका बेहतर होता, तो दुनिया को ये फैसला औचक महसूस नहीं होता। वैसे ही स्थिति भारत के चावल व्यापारी और विदेशी आयातक भी बेहतर प्लानिंग कर सकते थे। बहरहाल, अब खबर है कि भारत की पाबंदी के कारण एशिया में चावल व्यापार लगभग ठप पड़ गया है, क्योंकि भारतीय व्यापारी अब नए समझौतों पर दस्तखत नहीं कर रहे हैं। नतीजतन खरीददार वियतनाम, थाईलैंड और म्यांमार जैसे विकल्प खोज रहे हैं। लेकिन इन देशों के व्यापारियों ने मौके का फायदा उठा कर दाम बढ़ा दिए हैं। दुनिया के सबसे बड़े चावल निर्यातक भारत ने पिछले हफ्ते ही टूटे चावल के निर्यात पर रोक लगाने का एलान किया था। साथ ही कई अन्य किस्मों पर निर्यात कर 20 प्रतिशत कर लगा दिया गया। औसत से कम मॉनसून बारिश के कारण स्थानीय बाजारों में चावल की बढ़ती कीमतों पर लगाम कसने के लिए यह फैसला किया गया है।

भारत दुनिया के 150 से ज्यादा देशों को चावल का निर्यात करता है और उसकी तरफ से निर्यात में आने वाली जरा सी भी कमी उन देशों में कीमतों को सीधे तौर पर प्रभावित करती है। दुनिया पहले पहले से ही खाने के सामान की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि झेल रही है। अब चावल की कमी से दुनिया की यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है। भारत के फैसले के बाद से एशिया में चावल के दाम पांच प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। तमाम जानकारों का कहना है कि अभी कीमतों में और ज्यादा वृद्धि होगी। गौरतलब है कि चावल दुनिया के तीन अरब लोगों का मुख्य भोजन है। 2021 में भारत का चावल निर्यात रिकॉर्ड 2.15 करोड़ टन पर पहुंच गया था, जो दुनिया के बाकी चार सबसे बड़े निर्यातकों थाईलैंड, वियतनाम, पाकिस्तान और अमेरिका के कुल निर्यात से भी ज्यादा है।

# दशहरे से पहले सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा, 3 फीसदी बढ़ा डीए



**नई दिल्ली ।** दशहरे से पहले ओडिशा सरकार ने अपने कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 फीसदी का इजाफा किया गया है। अब महंगाई भत्ता 31 फीसदी से बढक़र 34 फीसदी कर दिया गया है। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के डीए में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

फिलहाल ओडिशा के सरकारी कर्मचारियों को 31 फीसदी की दर से महंगाई भत्ता मिलता था। अब 3 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद ये 34 फीसदी हो जाएगा। महंगाई भत्ते में हुई ये बढ़ोतरी 1 जनवरी 2022 से लागू होगी। मतलब ये की कर्मचारियों को 8 महीने का एरियर भी मिलेगा। डीए बढ़ोतरी से 4 लाख ओडिशा के सरकारी कर्मचारियों और 3.5 लाख पेंशनभोगियों को फायदा मिलेगा।

राज्य सरकारें लगातार अपने कर्मचारियों के डीए में इजाफा कर रही हैं। लेकिन केंद्रीय कर्मचारी अभी भी अपने महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का इंतजार कर रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार इस महीने के आखिरी में केंद्रीय कर्मचारियों के डीए में चार फीसदी का इजाफा कर सकती है। लेकिन सरकार की तरफ से अभी आधिकारिक रूप से कोई भी बयान नहीं आया है। केंद्रीय कर्मचारियों का डीए में हर छह महीने पर बदलाव होता है। पिछली बार मार्च 2022 में डीए में 3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी। फिलहाल केंद्रीय कर्मचारियों को 34 फीसदी की दर से डीए मिल रहा है।

28 सितंबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता कैबिनेट की बैठक होने वाली है। माना जा रहा है कि इस बैठक में सरकार डीए में बढ़ोतरी को लेकर बड़ा फैसला ले सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो सरकार चार फीसदी तक डीए में इजाफा कर सकती हैं। हालांकि, बढ़ती महंगाई को देखते हुए ये पांच फीसदी भी हो सकता है। हालांकि, सरकार ने डीए में बढ़ोतरी के ऐलान को लेकर अभी तारीख का ऐलान नहीं किया है।

अगर सरकार डीए में बढ़ोतरी के फैसले पर मुहर लगने पर 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों के साथ 65 लाख पेंशनर्स को फायदा मिलेगा। केंद्रीय कर्मचारियों को एक अक्टूबर से बढ़े हुए महंगाई भत्ते के साथ वेतन मिलने की उम्मीद है। फिलहाल केंद्रीय कर्मचारियों को 34 फीसदी की दर से डीए मिल रहा है। अगर सरकार इसमें पांच फीसदी का इजाफा करती है, तो डीए बढक़र 39 फीसदी हो जाएगा।

## उच्चतम न्यायालय में 11 अक्टूबर को होगी अमेजॉन की याचिका पर सुनवाई



**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय ने अमेजॉन.कॉम एनवी इन्वेस्टमेंट होल्डिंग एलएलसी (अमेजॉन) की याचिका पर सुनवाई के लिए 11 अक्टूबर की तिथि मुकर्रर की है।

याचिका में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) के 13 जून के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग(सीसीआई) के आदेश को बरकरार रखा गया था जिसमें अमेजॉन और फ्यूचर कूपन्स प्राइवेट लिमिटेड (एफसीपीएल) के बीच शेयर सब्सक्रिप्शन एग्रीमेंट (एसएसए) स्थगित है।

न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की दो-न्यायाधीशों की पीठ ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा, समय की कमी के कारण, हम तर्कों को विस्तार से नहीं सुन सके। हम इसे 11 अक्टूबर को सुनेंगे।

इससे पिछली सुनवाई यानि पांच सितंबर को उच्चतम न्यायालय ने अमेजॉन की याचिका पर सीसीई, फ्यूचर कूपन्स और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के खिलाफ नोटिस जारी किया था।

सीसीआई ने आज बंद लिफाफे में अपना जवाब दिया है।

अमेजॉन समूह के वकीलों ने न्यायालय को बताया कि मामला गंभीर प्रकृति का है और इस पर सुनवाई करनी चाहिए। जिसपर न्यायालय ने अगले महीने की तारीख दे दी।

## आईएफसी के प्रबंध निदेशक ने सीतारमण से की चर्चा

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से आज विश्व बैंक से संबंद्ध आईएफसी के प्रबंध निदेशक मख्तार डीओप ने मुलाकात की और एमएसएमई, इंफ्रास्ट्रक्चर और जलवायु परिवर्तन प्रबंधन के क्षेत्र में आईएफसी के वित्त पोषण पर चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने यहां बताया कि श्रीमती सीतारमण ने भारत में आईएफसी के वित्त पोषण की नीति की सराहना की और कहा कि अगले एक से दो वर्षों में आईएफसी दो से ढाई अरब डॉलर और तीन से चार वर्षों में तीन से साढे तीन अरब डॉलर का वित्त पोषण कर सकता है।

आईएफसी के प्रबंध निदेशक ने भी अपने संगठन के भारत को लेकर प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि आईएफसी भारत में निवेश के लिए अति सक्रियता से काम करेगा।

## हरदीप पुरी ने की स्वच्छता स्टार्टअप चुनौती के चिह्नित प्रतिभागियों से की बात

**नई दिल्ली ।** केन्द्रीय शहरी विकास तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए मशीनीकृत समाधान, ठोस और तरल कचरे का वैज्ञानिक प्रसंस्करण आदि स्टार्टअप्स को नवाचार और उद्यम विकास के लिए बड़े अवसर प्रदान करते हैं।

श्री पुरी ने स्वच्छता स्टार्ट-अप चुनौती के अंतर्गत चुने गए स्टार्टअप्स के साथ बातचीत करते करते हुए स्वछता को बढ़ावा देने की दिशा में समाधान खोजने में शामिल स्टार्ट-अप को सभी सहायता और सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है।

आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मंत्रालय के स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) ने एएफडी (एजेंसी फ्रेंकाइसे डि डिवलमपमेंट) और उद्योग तथा आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सहयोग से 27 जनवरी, 2022 को स्वच्छता स्टार्टअप चैलेंज शुरू किया है जिससे अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र में विकास स्टार्टअप और उद्यमियों के लिए एक समर्थन करने वाले वातावरण को बढ़ावा दिया जा सके।

इस स्वच्छता स्टार्टअप चुनौती के अंतर्गत चार विषयगत क्षेत्रों, जैसे सामाजिक समावेशन, शून्य डंप (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन), प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन और पारदर्शिता (डिजिटल सक्षमता) के अंतर्गत कचरा प्रबंधन क्षेत्र में स्टार्टअप्स से समाधान मांगे गए थे।

इस चुनौती का उद्देश्य स्टार्टअप्स के 10 विजेता समाधानों को प्रति चयनित परियोजना के लिए 25 लाख रुपये की वित्तीय सहायता और एक वर्ष की सहायता प्रदान करना है। इसके अलावा, पात्र स्टार्टअप्स को अतिरिक्त प्रोत्साहन भी मिलेगा जिसमें विलग्रो (चैलेंज के लिए कार्यान्वयन भागीदार) से 50 लाख रुपये तक का निवेश और प्रौद्योगिकी भागीदार एमेज़ोन वेब सर्विसेज से 100,000 अमरीकी डालर तक का क्रेडिट और प्रौद्योगिकी सहायता प्राप्त करना शामिल है।

उल्लेखनीय है कि इसके अंतर्गत कुल 244 समाधान प्राप्त हुए थे। जिसमें से शीर्ष 10 को मंगलवार को सम्मानित किया जाएगा।

## मोहाली में आज आस्ट्रेलिया से भिड़ेगा भारत : टी-20 सीरीज का पहला मैच

**मोहाली।** भारत मंगलवार से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन टी-20 मैचों की सीरीज में सबसे छोटे प्रारूप के विश्व कप से पहले अपने उचित संयोजन विशेषकर मध्यक्रम से जुड़े मसले को सुलझाने का प्रयास करेगा। विश्व कप से पहले होने वाले 6 मैचों में कुछ तेज गेंदबाजों को भले ही विश्राम दिया गया है, लेकिन इसे छोडक़र भारत अपनी मजबूत टीम के साथ ही उतर रहा है। आस्ट्रेलिया के बाद भारत तीन मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। भारत ने भले की एशिया कप में अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन उसने इस दौरान कई बदलाव भी किए।

भारत की गेंदबाजी की कमजोरियां भी इस टूर्नामेंट में खुलकर सामने आईं, लेकिन हर्षल पटेल और जसप्रीत बुमराह की वापसी से आक्रमण को मजबूती मिली है। रोहित ने साफ कर दिया कि विश्व कप में उनके साथ केएल राहुल ही पारी का आगाज करेंगे, लेकिन यहां संभावना है कि उनके साथ विराट कोहली पारी की शुरुआत करने के लिए उतरें। अपनी पिछली टी-20 पारी में शतक जडऩे वाले कोहली को सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा जा सकता है। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में चोटी के चार बल्लेबाज तय हैं, लेकिन अभी यह तय नहीं है कि अंतिम एकादश में विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत को चुना जाएगा या दिनेश कार्तिक को।



रविंद्र जडेजा के चोटिल होने के कारण भारत पंत को बायें हाथ का बल्लेबाज होने के कारण कार्तिक पर तरजीह दे सकता है। कार्तिक 'फिनिशर' की भूमिका के लिए टीम में लिए गए हैं। बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल और हार्दिक के तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ अक्षर और युजवेंद्र चहल के रूप में दो स्पिनर हो सकते हैं। दूसरी तरफ, आस्ट्रेलिया वार्नर सहित कुछ प्रमुख खिलाडिय़ों के बिना भारत आया है। वार्नर को विश्राम दिया गया है, जबकि मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस और मिशेल मार्श को चोटों से उबरने का समय दिया गया है। सभी का ध्यान कप्तान आरोन फिंच पर होगा, जिन्होंने लगातार लचर प्रदर्शन के कारण हाल में वनडे से संन्यास ले लिया था। वह विश्व कप से पहले फॉर्म में वापसी की कोशिश करेंगे।

## आरोन फिंच ने की किंग कोहली की तारीफ कहा-71 शतक लगाना मजाक नहीं



**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 20 सितंबर मंगलवार से तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जानी है। इस सीरीज का पहला मैच मोहाली में होगा। हालांकि, इस सीरीज के शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने पूर्व भारतीय कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को लेकर बड़ी बात कही है। भारत के खिलाफ पहले टी20 से पहले आरोन फिंच ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में विराट कोहली को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि, 'विराट कोहली को राइट ऑफ करना आसान नहीं है। आप उन्हें राइट ऑफ नहीं कर सकते। कोहली ने पिछले 15 सालों में दिखाया है कि वह इस खेल के महानतम खिलाडिय़ों में से एक हैं। उन्हें राइट ऑफ करने के लिए किसी साहसी व्यक्ति की जरूरत पड़ेगी।

उन्होंने आगे कहा, 'विशेषकर टी20 क्रिकेट में वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने खेल को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाया है और जब आपको उनका सामना करना होता है तो आप अपनी सर्वश्रेष्ठ तैयारी करते हैं। वह लाजवाब हैं और उन्होंने 71 अंतरराष्ट्रीय शतक जमाए हैं। यह मजाक नहीं है।' बता दें कि, आरोन फिंच ने खराब फॉर्म की वजह से हाल में वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। जिसके बाद भारत के साथ यह उनका आखिरी सीरीज है। ऐसे में सबकी नजऱ इस सीरीज में उन पर टिकी रहेंगी। ऑस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ इस सीरीज में टी20 विश्व कप को ध्यान में रखकर उतरेगा। ज्ञात हो कि, पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया ने खिताब अपने नाम किया था।

## गोविंदा की फिल्म दुल्हे राजा की रीमेक बना सकते हैं शाहरुख

1998 में रिलीज हुई रोमांटिक कॉमेडी फिल्म दुल्हे राजा ने दर्शकों को खूब हंसाया था। इस फिल्म में गोविंदा का अंदाज लोगों को पसंद आया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब सुनने में आ रहा है कि दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान दुल्हे राजा की रीमेक बनाएंगे। खबरों की मानें तो शाहरुख अपने प्रोडक्शन बैनर के तले इस फिल्म के निर्माण की योजना बना रहे हैं।



रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख की प्रोडक्शन कंपनी ने दुल्हे राजा की रीमेक बनाने के लिए राइट्स खरीद लिए हैं। एक सूत्र ने बताया, बहुत कम लोग जानते हैं कि शाहरुख वास्तव में कॉमेडी जॉनर के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। दुल्हे राजा उन एंटरटेनर फिल्मों में से एक है, जो उन्हें पसंद है। जब एक सहयोगी ने दुल्हे राजा के राइट्स हासिल करने का विचार सुझाया, तो शाहरुख इस विचार पर सहमत हुए।

फरहाद सामजी ने रीमेक की स्क्रिप्ट पर काम शुरू कर दिया है। बता दें कि फरहाद ही सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान के निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं। सूत्र ने कहा, फरहाद जो वर्तमान में किसी का भाई किसी की जान पर सलमान के साथ काम कर रहे हैं, दुल्हे राजा के ड्रॉफ्ट को पूरा करने में लगे हैं। उन्हें ऑरिजनल कॉन्सेप्ट को बनाए रखते हुए फ्रेश स्क्रिप्ट लिखने की सलाह दी गई है।

## रिलीज हुआ फिल्म ऊंचाई का दूसरा पोस्टर, नजर आएँगे 3 सुपरस्टार

अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर और बोमन ईरानी को आप सभी जल्द एक साथ देखने वाले हैं। जी दरअसल इन दिनों को इनकी अपकमिंग फिल्म ऊंचाई में देखा जाने वाला है और तीनो इसी को लेकर खबरों में बने हुए हैं। जी दरअसल बीते दिनों इस फिल्म का पहला पोस्टर और रिलीज डेट सामने आई थी। वहीं अब हाल ही में ऊंचाई के मेकर्स ने फिल्म से अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर और बोमन ईरानी का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट कर दिया है।



आप देख सकते हैं ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ऊंचाई का फर्स्ट पोस्टर लुक साझा किया है। वहीं इस पोस्टर में अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर और बोमन ईरानी पहाड़ों पर बैठ प्रकृति का फील लेते नजर आ रहे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपको कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बनेगा। विवाहितों के लिए दिन अच्छा रहेगा। सोशल मीडिया पर किसी पुराने दोस्त से बात हो सकती है। आपके दिये हुए उपहार से साथी प्रसन्न होंगे।

**वृष :** आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। आपको अपनी मेहनत का फल भी अवश्य मिलेगा। बिजनेस में मिले नए कॉन्टैक्ट से आपको फायदा होगा। कुछ लोगों को आपकी उदारता पसंद आयेगी।

**मिथुन :** आज आपके जीवन में नया बदलाव हो सकता है। अगर आप कला के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आपको तरक्की के कई नये रास्ते खुले नजर आएंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है।

**कर्क :** आज आप पर काम का बोझ ज्यादा हो सकता है, जिसकी वजह से आप थकान महसूस करेंगे। किसी काम में अनुभवी की राय आपके लिए बेहतर साबित हो सकती है। किसी काम के लिए माता-पिता से ली गई सलाह आपके लिए बेहतर रहेगी।

**सिंह :** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आप किसी पारिवारिक समारोह में जा सकते हैं। इसके अलावा अपने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए आज आपको कोशिश करनी पड़ सकती है। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा।

**कन्या :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम को पूरा करने में पूरी तरह से आप सक्षम होंगे। इस राशि के लॉ की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत बढिय़ा रहेगा। किसी वरिष्ठ वकील के साथ साझा करने का मौका मिलेगा।

**तुला :** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं पर घूमने की योजना कर सकते हैं। किसी काम में अनुमान से ज्यादा ही मेहनत और समय लग सकता है। आप रिश्तों में सुधार लाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। रूका हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है। आप नये काम करने की सोच सकते हैं। आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लग सकता है। आपका कोई नया दोस्त बन सकता है।

**धनु :** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपको अचानक धन लाभ होगा। आपके कई योजनाएं समय से पूरी हो जायेंगी। आपके परिवार में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी-खासी सफलता मिलेगी।

**मकर :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। किसी भी काम में बड़ों की सलाह लेना बेहतर रहेगा। बच्चे पढ़ाई के प्रति कुछ कम रूचि ले सकते हैं।

**कुंभ :** आज आप लोगों को अपनी बातों से सहमत करने में सफल होंगे। घर पर किसी रिश्तेदार के आने से परिवार में खुशी का माहौल बनेगा। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे।

**मीन :** आज आपका दिन घूमने-फिरने या यात्रा में बीत सकता है। आप परिवार वालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है।

## अंडे से बनाएं टेस्टी शीरमाल

**अंडे से केक, बिस्कुट और भी तरह-तरह की डिशेज तो बनाई होगी लेकिन क्या कभी शीरमाल बनाया है। अगर नहीं, तो यहां सीखें इसे बनाना।**



**सामग्री :**

1 कप मैदा, 1 अंडा, 3/4 टीस्पून ताजा खमीर, 2 टेबलस्पून पिसी चीनी, 1/4 टीस्पून नमक, 1/4 कप दूध, 2 टेबलस्पून देसी घी, 1/2 टीस्पून खसखस या तिल, पिघला मक्खन, दूध मे घुला केसर

**विधि :**

परात में मैदा, खमीर, चीनी, नमक, अंडा, एक टेबलस्पून घी मिलाकर दूध से आटा मलें और ढककर रख दें। 2-3 घंटे बाद इसमें बचा हुआ घी पिघलाकर डालें और आटे को मसल कर लोइयां बना लें। सभी लोइयों को बेलकर कांटे से गोदें जिससे रोटियां फूले नहीं। बेली हुई रोटियों पर पानी का हाथ लगाकर खसखस या तिल चिपकाएं। इसके बाद रोटियों पर दूध में घुला केसर लगाएं और पहले से गर्म ओवन में उन्हें 180 डिग्री सेल्सियस पर ट्रे में रखकर सुनहरा होने तक बेक करें। गर्म शीरमाल पर पिघला मक्खन लगाकर सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 200

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 199 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

## सू-दोकू- 200

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.199 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |